59 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का बजट में उद्योग से महिला कल्याण तक बड़ा निवेश

लखनऊ, 04 अगस्त। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ?59,019.54 करोड़ के अनुपूरक बजट को सदन में प्रस्तुत किया.

योगी सरकार के इस अतिरिक्त बजट में विकास परियोजनाओं को तेज करने, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का करीब 6.47 प्रतिशत है. इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17,399.50 करोड़ और पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रखा गया है. सरकार ने पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देते हुए सड़क, ऊर्जा, उद्योग, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. अनुपूरक बजट में नई योजनाओं और आवश्यकताओं के लिए 7,854.25 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है. सरकार का कहना है कि इससे प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और नई योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा.

भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए बड़ा प्रावधान

बजट में सबसे बड़ा प्रावधान भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए किया गया है. इसके तहत 22,107.88 करोड़ की राशि रखी गई है. सरकार का उद्देश्य औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना, रोजगार के नए अवसर तैयार करना और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है. ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम विकास विभाग को 17,942.73 करोड़ का प्रावधान किया गया है. इस राशि से ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायत विकास, आजीविका योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया जाएगा. प्रदेश में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ दिए गए हैं.

मुंबई पुलिस में 6.5 करोड़ का घोटाला

मुंबई, 04 अगस्त. मुंबई पुलिस विभाग में करीब 6.41 करोड़ रुपये के वेतन घोटाले का मामला सामने आया है. उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग में 10 ऐसे लोगों के नाम पर वेतन का भुगतान किया गया, जिनका पुलिस विभाग से कोई संबंध नहीं था.

▶ **बिना भर्ती हुए 10 लोग लेते रहे पुलिस की सैलरी**

> प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब 10 ऐसे लोगों के नाम वेतन प्रणाली में दर्ज किए गए थे, जो पुलिस विभाग में कार्यरत नहीं थे. इनके नाम पर वेतन भुगतान किया गया. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये लोग वास्तव में कौन हैं और इनके नाम पर खोले गए बैंक खातों का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा था. पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभाग की वेतन प्रणाली तक पहुंच रखने वाले लोगों ने इन फर्जी नामों को कैसे दर्ज किया और लंबे समय तक भुगतान प्रक्रिया में यह गड़बड़ी पकड़ में क्यों नहीं आई. मामले की शिकायत उत्तरी क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने समता नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई.

इन लोगों को पुलिस विभाग में नियुक्त किए बिना ही वेतन अभिलेखों में कर्मचारी के तौर पर दर्ज किया गया और उनके नाम पर सरकारी धन का भुगतान होता रहा. मामले का खुलासा विभाग की वेतन प्रणाली में बदलाव के दौरान हुआ. यह पूरा मामला मुंबई पुलिस के उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग से जुड़ा है. आंतरिक लेखा परीक्षण के दौरान पता चला कि विभाग की वेतन प्रणाली में ऐसे फर्जी कर्मचारी दर्ज किए गए थे, जिन्हें पुलिस विभाग में कभी नियुक्त ही नहीं किया गया. इन फर्जी अभिलेखों के आधार पर लगभग 6.41 करोड़ रुपये का वेतन भुगतान किया गया. घोटाले से जुड़ी वित्तीय अनियमितताएं मुख्य रूप से दिसंबर 2019, जनवरी और फरवरी 2020 तथा जून से सितंबर 2020 के बीच की बताई जा रही हैं. हालांकि इस पूरे फर्जीवाड़े का पता हाल ही में चला.

भारत टैक्सी बनी सहकारी राइड सेवा

चालकों को मिलेगा मालिकाना हक

नई दिल्ली, 4 अगस्त। देश के परिवहन क्षेत्र में सहकारिता आधारित नई पहल के रूप में भारत टैक्सी का शुभारंभ हो गया है. सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित यह मंच चालक-केंद्रित और जन-केंद्रित परिवहन व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इसका मकसद निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवा कंपनियों को समाप्त करना नहीं, बल्कि यात्रियों और चालकों को सहकारी मॉडल पर आधारित सुरक्षित, विश्वसनीय, पारदर्शी और किफायती परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराना है.

> भारत टैक्सी के तहत वाहन चालकों को 'सारथी' के रूप में मंच से जोड़ा गया है. उन्हें केवल सेवा देने वाले चालक के बजाय सदस्य और हितधारक के रूप में जोड़ने की व्यवस्था की गई है. इसका उद्देश्य चालकों के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना, उनकी आय और आर्थिक स्थिति को मजबूत करना तथा सहकारिता के सिद्धांतों के आधार पर तकनीक आधारित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है. 28 जुलाई तक भारत टैक्सी पर कुल 8.27 लाख सारथियों का पंजीकरण हो चुका है. दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 2,61,045 सारथी पंजीकृत हैं. इनमें 1,35,554 कैब, 37,850 ऑटो और 87,641 बाइक चालक शामिल हैं. गुजरात में 1,04,163, महाराष्ट्र में 84,332, उत्तर प्रदेश में 21,621, राजस्थान में 20,599 और चंडीगढ़ में 10,695 सारथी पंजीकृत किए गए हैं. इससे मंच से जुड़े चालकों के व्यापक नेटवर्क का संकेत मिलता है. भारत टैक्सी को आठ प्रमुख राष्ट्रीय सहकारी संस्थानों का समर्थन प्राप्त है. इनमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड, अमूल, कृभको, नेफेड, नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड शामिल हैं.

आज का इतिहास

- 1915- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया.
- 1921- अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये.
- 1945- अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया.
- 1949- इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत हुई.
- 1975- बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का जन्म.
- 1991- न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ली हाईकोर्ट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

यूपी में मूकबधिर दंपति समेत तीन की हत्या

प्रयागराज, 04 अगस्त. प्रयागराज के शाहगंज थाना इलाके में मंगलवार को एक किराये के मकान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई. मृतकों में पति-पत्नी समेत दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. तीनों मूकबधिर थे और उसी मकान में रहते थे.

▶ **किराए के मकान से तीनों शव बरामद**

▶ **पुरुष के शरीर पर चोट के निशान पाए गए**

इस तिहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस की शुरुआती जांच में पुरुष के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. हालांकि, दोनों महिलाओं के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं. घटनास्थल से पुलिस को शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं.

प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह वारदात किसी विवाद या लड़ाई-झगड़े के बाद हुई है. घटना की सूचना मिलते ही शाहगंज और खुल्दाबाद समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस अब मृतकों की पहचान और हत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है.

स्कूल में टीचर की चाकू मार कर हत्या

फरीदाबाद. फरीदाबाद के सिकरौना इलाके में स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार सुबह एक महिला शिक्षिका की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई. वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध शाखा की टीमों को जांच में लगाया और महज दो घंटे के भीतर 21 वर्षीय आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में हत्या की वजह एकतरफा प्रेम सामने आई है. सहायक पुलिस आयुक्त अमन यादव के अनुसार, 3 अगस्त की सुबह सिकरौना गांव स्थित स्कूल में महिला पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी. महिला की हत्या के संबंध में उसके पति विकास की शिकायत पर सेक्टर-58 थाने में मामला दर्ज किया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं ने अपने सूत्र सक्रिय किए. अपराध शाखा की एवीटीएस सिकरौना टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की. इसके बाद कार्रवाई करते हुए गांव कोट निवासी अमित को घटना की सूचना मिलने के करीब दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया.

जन्म-मृत्यु पंजीकरण बिल दोनों सदन से पास

राज्यसभा और लोकसभा से मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 04 जुलाई. केंद्रीय गृहमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को राज्य सभा में कहा कि देश जन्म एवं मृत्यु के अनिवार्य पंजीकरण की सार्वभौमिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और इससे संबंधित कानून को मजबूत करने से देश में घुसपैठियों के पंजीकरण पर रोक लगेगी.

श्री राय जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पर सदन में चर्चा का जवाब दे रहे थे. उन्होंने सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच अपने जवाब में कहा, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत जन्म-मृत्यु पंजीकरण की सार्वभौमिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है. ... उन्होंने कहा कि भारत में जन्म-मृत्यु पंजीकरण की वर्तमान प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है. श्री राय के जवाब के बाद कुछ विपक्षी सदस्यों की ओर से इस विधेयक में संशोधन प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से निरस्त कर विधेयक को यथारूप परित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी. इसके साथ ही विधेयक को संसद के दोनों सदनों की अनुमति मिल गयी है. लोक सभा ने इस विधेयक को पिछले सप्ताह शुक्रवार को मंजूरी दी थी.

आसाराम को 13 साल बाद मिली पैरोल

जोधपुर, 04 अगस्त. आसाराम के लिए यह पैरोल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जेल जाने के बाद करीब 13 वर्षों में पहली बार उन्हें 20 दिनों के लिए बाहर आने की अनुमति मिली है. पैरोल के दौरान उन्हें संबंधित प्रशासन और अदालत द्वारा तय नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा. पैरोल का उद्देश्य किसी दोषी को सजा से मुक्त करना नहीं होता, बल्कि निर्धारित परिस्थितियों में सीमित अवधि के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति देना होता है. इस दौरान संबंधित व्यक्ति को तय शर्तों के अनुसार ही रहना पड़ता है और अवधि समाप्त होने पर उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत वापस लौटना होता है. आसाराम की पैरोल याचिका जिला कलेक्टर पैनल के समक्ष रखी गई थी. पैनल ने इसे मंजूरी नहीं दी. इसके बाद उनके पक्ष की ओर से हाईकोर्ट का रुख किया गया. अदालत में पैरोल से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई हुई.

पेट्रोल नहीं, खेतों का एथेनॉल है भविष्य

नई दिल्ली, 04 अगस्त. नई दिल्ली के कृषि भवन में मंगलवार को एथेनॉल और किसानों की आय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर एथेनॉल नीति को किसान हित से जोड़ने की मांग रखी.

किसान नेताओं ने साफ कहा कि एथेनॉल खेती के लिए बड़ा अवसर साबित हो सकता है.

सपा विधायक सचिन यादव पूरे सत्र के लिए निलंबित

लखनऊ, 04 अगस्त. उत्तर प्रदेश विधानसभा में स्पीकर ने फिरोजाबाद के जसराना से सपा विधायक सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर कर दिया है. हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधान भवन में चल रहे सत्र के दौरान उस समय एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब विधानसभा अध्यक्ष ने सख्त कदम उठाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के एक विधायक को पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर का रास्ता दिखा दिया. फिरोजाबाद जिले की जसराना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव को अनुशासनहीनता और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप के चलते पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया गया है. इस कार्रवाई के बाद से राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी काफी तेज हो गई है.

युवाओं के प्रति सरकार संवेदनशील न्याय जल्द मिलेगा : सोरेन

रामगढ़, 04 अगस्त. झारखंड में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और अभ्यर्थियों के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों और युवाओं को न्याय का भरोसा दिलाया है. रामगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से ले रही है और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल लगातार काम कर रहा है और जल्द ही जांच के निष्कर्ष जनता के सामने रखे जाएंगे. आंदोलन कर रहे छात्रों के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है. उन्होंने कहा कि सरकार के पास जनता की समस्याओं को समझने और उन पर कार्रवाई करने की पूरी व्यवस्था है. विशेष जांच दल की टीम दिन-रात मामले की जांच कर रही है. सरकार अब जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष जांच दल को मामले की तह तक जाने के लिए काम सौंपा गया है. जांच टीम विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही है. उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद निष्कर्ष को सार्वजनिक किया जाएगा. सरकार का उद्देश्य पारदर्शी तरीके से मामले का समाधान करना है.

In The Court Of IV District And Additional Session Judge, District Court. Satna
Presiding Officer: **श्री चितेंद्र सिंह सोलंकी**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000093/2018)
विष्णु विजय शुक्ला, पेशा कृषि .....**वादी**
Vs
श्रीमती राजकुमारी पेशा-गृह कार्य .....**प्रतिवादी**
Process Id- /2026
पेशी दिनांक -24/09/2026

प्रेषिती-
(1) संतोष तिवारी तनय स्वं इन्द्रभान तिवारी पता- ग्राम पोस्ट गोलहटा तहसील कोटर जिला सतना, (2) नीरज तिवारी तनय संतोष तिवारी पता- ग्राम पोस्ट गोलहटा तहसील कोटर जिला सतना, (3) गुडडन तिवारी पुत्री श्री संतोष तिवारी पता- ग्राम पोस्ट गोलहटा तहसील कोटर जिला सतना, (4) ग्रिन्सू तिवारी तनय श्री संतोष तिवारी पता- ग्राम पोस्ट गोलहटा तहसील कोटर जिला सतना, (5) नेहा तिवारी पुत्री श्री संतोष तिवारी पता- ग्राम पोस्ट गोलहटा तहसील कोटर जिला सतना, (6) सरोज तिवारी पत्नी श्री अंजनी प्रसाद तिवारी पुत्री स्वं श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा पता-एच आइ जी 23 उतैली तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0, (7) श्रीमती ममता पाण्डेय पत्नी श्री दुर्गा पाण्डेण पुत्री स्वं श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा पता-निवासी बाणसागर कालोनी रीवा, (8) श्रीमती नीता शुक्ला पत्नी श्री राकेश शुक्ला पत्नी स्वं श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा पता-धवारी गली नंबर 04 काली मंदिर के पास म0प्र0, (09) संध्या तिवारी पत्नी श्री हरिशरण तिवारी पुत्री स्वं जगदीश प्रसाद मिश्रा पता निवासी मुकुन्दपुर जिला सतना म0प्र0

यह कि प्रार्थी **विष्णु विजय शुक्ला, पेशा कृषि ने** आपके विरूद्ध **एमजेसी** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
(चितेंद्र सिंह सोलंकी)
चतुर्थ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला सतना (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा (म.प्र)
बेवसाइट www.trscollege.com फोन नं.-0772 252870 ई मेल-hegtrscrew@mp.gov.in
निविदा आमंत्रण सूचना एवं 2026-27
क्र0 2771/स्टोर/2026 दिनांक 04/8/26
निम्नलिखित कार्यो हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है. उल्लेखित कार्यो का वितरण एम.पी.-ई-टेंडर वेब साइट पर देखा जा सकता है.

क्र0	टेंडर आई डी	कार्य का नाम	क्र0	टेंडर आई डी	कार्य का नाम
1.	2026_HED_526008_1	टेंट आइटम	11.	2026_HED_526263_1	ड्युल डेस्क
2.	2026_HED_526066_1	एसी एण्ड इनवरटर आइटम	12.	2026_HED_526885_1	नोटबुक सामग्री
3.	2026_HED_526214_1	सीसीटीवी कैमरा रिपेरिंग	13.	2026_HED_526847_1	पुस्तक सामग्री
4	2026_HED_526209_1	इलेक्ट्रानिक आइटम	14.	2026_HED_526776_1	खेल सामग्री
5.	2026_HED_526230_1	क्लीनिंग आइटम	15.	2026_HED_526535_1	खेल मैदान सामग्री
6.	2026_HED_525206_1	वाटर कूलर एण्ड अदर आइटम	16.	2026_HED_526921_1	मुद्रण सामग्री
			17.	2026_HED_526811_1	एल्युमिनीयम सामग्री
7.	2026_HED_525995_1	स्टेशनरी आइटम	18.	2026_HED_526250_1	इंट्रक्सन बोर्ड
8.	2026_HED_52604_1	कम्प्यूटर एण्ड अदर आइटम			
9.	2026_HED_525953_1	फ्लेक्स एण्ड बैनर प्रिंटिंग			
10.	2026_HED_525985_1	प्लम्बर आइटम			

उपरोक्त निविदा को बेवसाइट एम.पी.-ई-टेंडर में आन लाइन के माध्यम से निविदाकार निविदा भर सकते है.
प्राचार्य
शा.टी.आर.एस.महाविद्यालय, रीवा (म.प्र)

NAME CORRECTION
I, **Pushpa Dubey**, wife of **Late Shri Ashwani Kumar Dubey**, resident of Village Mahuli, Post Negura, Tehsil Teonthar, District Rewa, Madhya Pradesh, holding Aadhaar No. 3132 3410 1058, hereby state that my husband, **Late Shri Ashwani Kumar Dubey**, had retired from the Indian Army. His Army No. was 14839968Y, Rank Ex-Sep, In my husband's service records, my son's name has been recorded as **HERSHIT KUMAR DUBEY,** which is incorrect. The correct name of my son is **HARSHIT DUBEY,** as recorded in his Aadhaar Card, Birth Certificate, and Educational Documents. Therefore, I request that my son's name in my husband's service records be corrected from **HERSHIT KUMAR DUBEY** to **HARSHIT DUBEY**.
Pushpa Dubey, Wife of Late Shri Ashwani Kumar Dubey.

नाम सुधार सूचना
मै सद्दाम हुसैन (Saddam Hussain) तनय रफीउद्दीन निवासी जवान सिंह कालोनी शेषनाग मंदिर के पास तह.रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना हुआ है जिसका नं.MP19N-2020-0096234 है जिसमें मेरे पिता जी का नाम Rafiuddin Ahmad दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड में पिता जी का नाम Rafiuddin है जो सही है अत: मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज पिता जी के नाम Rafiuddin Ahmad के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार सही नाम Rafiuddin दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.

कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर जिला मैहर (म.प्र.)
Ph. No. 07674-299073 CBSE AFFI. No-1020027
Email-emrsmaihar@gmail.com SCHOOL CODE-52027 DISE CODE- 23130217805
क्रमांक / ई.एम.आर.एस. / 2026-27/322 मैहर, दिनांक- 04.08.2026
निविदा आमंत्रण सूचना
सत्र 2026-27 के माह अगस्त 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर हेतु मांस (चिकन, मटन), अण्डा के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/निर्माता/आपूर्तिकर्ता / कम्पनियों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर के कार्यालय से दिनांक 05/08/2026 से 09/08/2026 अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस से प्राप्त किया जा सकता है। सीलबंद निविदायें भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती है। निर्धारित तिथि समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदायें क्रय समिति के समक्ष दिनांक 10/08/2026 को प्रात: 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। स्थानीय डीलर / आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।
प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर, जिला - मैहर म0प्र0

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा0 / संधा0)
वृत्त म0प्र0पू0क्षे0वि0वि0कं0 लिमि0, सिंगरौली
E-mail- sconmsingrauli@gmail.com Phone - 07805-350260
क्र0/अ0अभि0 /सं0सं0 / टेण्डर / क्रय / 1707 सिंगरौली दिनांक 04.08.2026
-: निविदा सूचना :-
संचा. / संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Award of Contract for system strengthening works for survey, installation, testing and commissioning of new 5 MVA 33 / 11 KV Substation Mahdeiya under different schemes in the O&M Circle Singrauli. आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

Sr. No	Tender Specification No	Particular of work	Approx Value (Rs. in Lakhs)	Tender Fee (in Rs)	Due date & time of opening of tender online
1	TS NO.SE/O&M/ SGRL /Pur/1687 dtd. 03.08.2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC_5264 86_1)	Award of Contract for system strengthening works for survey, installation, testing and commissioning of new 5 MVA 33/11KV Substation Mahdeiya under different schemes in the O&M Circle Singrauli.	110.16 Lakhs.	500+ GST	20-08-2026

** SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY**
अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सिंगरौली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)
Email-cmopithampur@mpurban.gov.in
क्रमांक /5323/ न.पा. / 26 पीथमपुर, दिनांकः - 03/08/2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
नगर पालिका परिषद् पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना जैम पोर्टल (www.gem.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऑनलाईन बीड नं.	सामग्री का विवरण	कार्य की लागत	निविदा की EMD राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1	GEM/2026/B/ 7860013	Thai Chi Spinner 4 Wheel, Rotary Thrill MGR., Twister Climber., Small MGR Platform., Duck MGR, Mountain Climber, Spiral Slide Big, Rubber Belt Arch Swing. FRP Slide 10 FT, ICE Cream Dust BIN, Rabbit Dust BIN, Bunny Dust BIN, Multiplay Station	39.98 लाख	40000/-	17.08.2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार
(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल)
अध्यक्ष
नगर पालिका पीथमपुर जिला धार

कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)
ईमेल - cmchitrakoot@mpurban.gov.in संपर्क:- 07670-265329
क्र./E-Tender/तक./ 2550 / 2026 चित्रकूट, दिनांक 31/7/2026
द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना
नगर परिषद चित्रकूट द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि
1	2026_UAD_ 526328_1	वार्ड क्र. 15 चौबेपुर स्वीपर बस्ती में फूलचन्द्र के घर से सुन्दर साहू के घर तक सी.सी. रोड़ मरम्मत कार्य ।	1488943.00/-	11167.00/-	2000.00/-	03 माह
2	2026_UAD_ 526328_2	वार्ड क्र. 14 चौबेपुर में बड़ी देवी के मन्दिर से ओमप्रकाश पाण्डेय जी एवं रामेश्वर अनुरागी के घर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य ।	1453214.00/-	10899.00/-	2000.00/-	03 माह
3	2026_UAD_ 526328_3	वार्ड क्र.14 गढईतीर में बरमबाबा पेड़ मेन रोड़ से रामेश्वर पटेल के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य .	732430.00/-	7324.00/-	2000.00/-	03 माह
4	2026_UAD_ 526328_4	वार्ड क्र.14 चौबेपुर में चुनकाई कहार से कृष्ण मोहन शर्मा जी के चक्की तक रोड़ मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य ।	984724.00/-	9847.00/-	2000.00/-	03 माह
5	2026_UAD_ 526328_5	वार्ड क्र. 05 छीरपुरवा में श्याम सुन्दर घर से शिवनरेश और चंकू यादव के घर तक रोड़ एवं RCC नाली निर्माण कार्य।	2676767.00/-	20076.00/-	5000.00/-	04 माह
6	2026_UAD_ 526328_6	वार्ड क्र. 11 जानकीकुण्ड में मेन रोड़ से ओशो आश्रम तक रोड़ एवं RCC नाली निर्माण कार्य ।	1512240.00/-	11342.00	2000.00/-	03 माह
7	2026_UAD_ 526328_7	वार्ड क्र. 13 पथरा में शासकीय विद्यालय से शंकर पटेल के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य।	3171653.00/-	23787.00/-	5000.00/-	05 माह
8	2026_UAD_ 526328_8	वार्ड क्र. 05 छीर पुरवा में मुख्य मार्ग से बुद्धराज के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य ।	768128.00/-	7681.00/-	2000.00/-	03 माह

शर्तें:-
1. निविदा से संबन्धित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://mptenders.gov.in की। वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 03.08.2026 को 10.30 बजे से 18.08.2026 में 17.30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं।
3. निविदा की समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी।
4. सम्पूर्ण दरें जी. एस. टी. छोड़कर प्रस्तुत की जावें ।
5. जिन संविदाकारों को निकाय द्वारा ब्लैक लिस्टेड या प्रतिबंधित किया गया है एवं जिन संविदाकारों द्वारा अनुबंध नहीं किया गया है, वह निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं, और ना ही उनकी निविदायें खोली जायेंगी ।
6. ठेकेदार द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतान निकाय में बजट उपलब्ध होने पर ही किया जावेगा जो ठेकेदार को मान्य एवं स्वीकार होगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट
जिला सतना (म.प्र.)